





नवभारत
सतना, रविवार 12 अप्रैल, 2026




# चोरों ने घर से पार किया लाखों का माल, सीसीटीवी में कैद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अप्रैल, शहर में एक बार फिर चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी है. पुलिस द्वारा गश्त न किये जाने से चोरो के हौंसले बुलंद है. जिनके द्वारा आये दिन वारदातो को अंजाम दिया जा रहा है. शहरी क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक बार फिर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देते हुये लाखों के गहने सहित नगदी पार कर दी.**

पीडित के मुताबिक चोरों ने घर की अलमारी में रखा करीब 10 तोला सोना, 1 किलो चांदी सहित 50 हजार से अधिक नगदी रूपए पार किये है. मामला शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में स्थित करहिया मंडी के पीछे का है. घटना के संबंध में पीडित महिला क्षमा शर्मा पति धर्मेद्र शर्मा ने बताया कि बीते दिवस उनका परिवार अपने गांव छिबौरा गया हुआ था, इसी बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर में धावा बोल दिया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया. घर में हुई चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है जिसमें चोर 2 की संख्या में नजर आ रहे है. इधर चोरी की घटना के बाद पीडित परिवार का बुरा हाल है.

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व एफएसएल टीम नें मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है और घटना से जुडे साक्ष्य एकत्रित चोरों की पता तलाश शुरू कर दी है. वही लाखों की हुई चोरी की घटना के बाद से क्षेत्र के लोगो में दहशत व्याप्त है. वारदात के बाद लोगो द्वारा पुलिस की गश्त और कार्यवाही पर भी सवाल उठा रहे है.

# एनडीपीएस में फरार शातिर अपराधी साथी सहित गिरफ्तार

## अमहिया पुलिस ने की कार्यवाही, स्विफ्ट कार और एक लाख कैश जब्त, नशीली सिरफ तस्करी का खुलासा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अप्रैल, अमहिया थाना पुलिस ने एनडीपीएस के 2 मामलों और लूट के मामले में फरार शातिर अपराधी सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है. दोनों पर रीवा, सतना, मऊगंज सहित कई जिलों में आपराधिक प्रकरण दर्ज है. आरोपियों के कब्जे से एक स्विफ्ट कार और एक लाख रुपय सहित कई महत्वपूर्ण साक्ष्य पुलिस ने जप्त किये है.**

थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रगवाल ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की पूर्व के एन.डी.पी.एस. के अपराध में फरार आरोपी विकास साहू अपने साथी इमरान शाह उर्फ इब्बू के साथ एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में बंधान मोहल्ला के पास रोड के किनारे कार में



बैठा हुआ है. थाना अमहिया पुलिस द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर रेड कार्यवाही की गई. जहा पर एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार खड़ी दिखी. घेराबंदी कर कार में बैठे दोनो व्यक्तियों को पकड़ा गया. पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम विकास साहू पिता रामकरन साहू उम्र 27 वर्ष निवासी निपनिया वार्ड क्रमांक 01 थाना सिटी कोतवाली का होना बताया जो थाना अमहिया के पूर्व के एन. डी. पी. एस. अपराध में फरार था. वही दूसरा व्यक्ति जो ड्राइवर सीट में बैठा था अपना नाम इमरान शाह उर्फ इब्बू पिता मुन्ना शाह उम्र 26 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह के पास का होना बताया. पूछताछ पर आरोपी विकास साहू द्वारा अपने साथी इमरान से नशीली कफ सीरफ खरीदकर ग्राहकों को विक्रय करना बताया. इमरान शाह नशीली कफ सीरफ इलाहाबाद उ.प्र. से खरीदकर रीवा में ग्राहकों को विक्रय करना बताया गया. दोनो आरोपी गणों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया.

### लग्जरी वाहन में लोड नशे की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

शहर के भीतर थाने के सामने रहकर एक तस्कर नशे का एक बड़ा कारोबार चल रहा था. उसने लग्ज़री लाइफ जीने के लिए शॉर्ट कट का रास्ता अपनाया और फोटोग्राफर से सीधा नशे के कारोबार में उतर आया. कार में जब वह नशे की खेप लेकर डिलेवरी देने निकला तभी पुलिस ने उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया. यह कार्यवाही शहर की समान थाना पुलिस ने की है और आरोपी के पास से 285 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद हुई. सामान थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी धीरज चिकवा जो मूल निवासी गोविंदगढ़ का है वह शहर के भीतर बिछिया थाने के सामने किराए के कमरे में निवास करता था. समान थाना पुलिस के द्वारा इससे पूर्व दिसंबर माह में एनडीपीएस की एक कार्यवाही कीथी जिसमें धीरज चिकवा का नाम भी सामने आया था, तभी से आरोपी पुलिस के रडार में था. शुक्रवार की शाम आरोपी के संबंध में पुलिस को जानकारी मिली थी, इसके बाद आरोपी के घर पुलिस ने पहुंचकर तलाशी ली तो घर के सामने खड़े वाहन से भारी मात्रा में नशीली कफ सिरप बरामद की गई.

# नरवाई में आग लगाने वालों पर दर्ज होगा प्रकरण, लगेगा जुर्माना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अप्रैल, कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं.**

यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में लागू है. यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं. प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा. साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी. वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं है इसलिए भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है. विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है. जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी. हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा. जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी.

# कार्यों का जनपद सीईओ हनुमना ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 11 अप्रैल, हनुमना जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव ने जल स्वावलंबी ग्राम योजना के अंतर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया.**

इस दौरान उन्होंने चिन्हांकित तालाबों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और उन नालों का परीक्षण किया जहाँ चेक डैम का निर्माण प्रस्तावित है. उल्लेखनीय है कि ग्राम को जल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पूर्व में ही तैयार की जा चुकी है, जिसमें चेक डैम, स्टॉप डैम, तालाबों का जीर्णोद्धार, नालों पर जल संरचनाएं और रिचार्ज पिट जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं.

## संक्षिप्त

### रीवा संभाग में 15 से होगी गेहूं की खरीदी

**रीवा,** शासन द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाती है. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में रीवा संभाग में किसानों से आगामी 15 अप्रैल से गेंहू की खरीद की जाएगी. गेंहू खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग का कार्य शुरू हो गया है. किसान अपनी सुविधा अनुसार स्लॉट बुक कर निधारित खरीदी केन्द्र पर गेंहू विक्रय कर सकते हैं. इस संबंध में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संभाग के सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिए गए हैं.

### मांगों का ज्ञापन कमिश्नर को सौपेगा आयुष संघ

**रीवा,** आयुर्वेद चिकित्सालय, महाविद्यालय मैं वर्षो से सेवा डे रहे वीभिन्न विभागों के आयुर्वेद कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर एक बार फिर आयुष संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष का दायित्व निभा चूके आशीष दुबे ने जिला प्रशासन को आगाह करने के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाने का फैसला लिया है. जिसमें 16 अप्रैल को संभाग आयुक्त से मुलाकात कर कर्मचारियों की 10 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौपा जाएगा. समस्त आयुष कर्मचारी से अपील है कि 16 अप्रैल को समय 4 बजे कमिश्नर कार्यालय में उपस्थित हो.

### डॉ. अंबेडकर जयंती मनाने हुई तैयारी बैठक

**रीवा,** सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, भारतीय संविधान सभा प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर की 136 वीं जयंती के अवसर पर आगामी 14 अप्रैल को समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, विंध्यांचल जन आंदोलन एवं समाजवादी कार्यकर्ता समूह के संयुक्त तत्वावधान में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है. संगोष्ठी में डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा होगी. इसकी तैयारी के लिए स्थानीय नेहरू नगर में एक विशेष बैठक शनिवार को सम्पन्न हुई. जिसमें प्रमुख रूप से समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे, समाजसेवी श्रवण प्रसाद नामदेव, नारी चेतना मंच की पूर्व अध्यक्ष गीता महंत, वरिष्ठ नेत्री डॉ श्रद्धा सिंह एडवोकेट, अध्यक्ष साक्षी मोटवानी महंत, सचिव दुर्गा साकेत आदि की भागीदारी रही.



### बिजली बिल वसूली : गांव- गांव लगाए जा रहे कैम्प

**गुढ़,** विद्युत विभाग रीवा पूर्व संभाग रीवा के अंतर्गत मनगवां, रायपुर कर्चुलियान, गोविंदगढ़ बदराब, गुढ, मनिकवार, गंगेव वितरण केद्रो क्षेत्र अंतर्गत गांवों में कैंपों का आयोजन किया जा रहा है ताकि पात्र उपभोक्ता योजना में शामिल होकर लाभ ले सकें. इस संबंध में डीई सुशील यादव द्वारा बताया गया कि योजना की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़कर 15 मई तक कर दी गई है. समय सीमा निकल जाने के उपरांत उपभोक्ता को पूरा राशि जमा करना पड़ेगा. इस लिए विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही से बचने, शीघ्र योजना में शामिल होकर इस अवसर का लाभ उठाएं और बकाया राशि जमा कर सरचार्ज का छूट का लाभ घरेलू, कृषि, गैर घरेलू, पावर उपभोक्ता प्राप्त कर सकते है. कैंप के माध्यमों से जिनमें बिल संबंधित शिकायतों का भी मौके पर निराकरण जेई, एई, डीई के द्वारा किया जाएगा. क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि किस्तों में एवं एक मुश्त बिजली बिल की राशि जमा कर ऊर्जा विभाग मध्य प्रदेश शासन की उपभोक्ता हितैषी योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं.

### झलबदरी तालाब में चलाया गया सफाई अभियान

**रीवा,** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत झलबदरी तालाब में सफाई अभियान का आयोजन किया गया. इस दौरान तालाब के आसपास के क्षेत्र की सफाई, जल कुम्भी की निकासी और स्वच्छता कार्य किया गया. कार्यक्रम में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एवं उपयंत्री के साथ आसपास के लोगों ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई और जल संरक्षण का संदेश दिया. श्रमदान के दौरान तालाब किनारे फैले प्लास्टिक कचरे, सड़ी-गली वनस्पतियों और जलकुंभी को हटाया गया.

# भूसा गौशालाओं को दान कराने किसानों को जागरूक करें : जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अप्रैल, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि रबी फसल की कटाई के बाद किसान नरवाई से भूसा बनाकर गौशालाओं को दान करें.**

संभाग में 318 गौशालाओं में निराश्रित और बीमार गौवंश की देखभाल की जा रही है. संभाग के सभी कलेक्टर किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें गौशालाओं को भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें. इससे एक ओर जहाँ नरवाई की समस्या दूर होगी वहीं दूसरी ओर गौ सेवा के रूप में पुण्य भी मिलेगा. पशुपालन विभाग के मैदानी कर्मचारी भूसा दान अभियान चलाकर किसानों को गौशालाओं को भूसा देने के लिए प्रेरित करें. कलेक्टर राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारी तथा पशुपालन एवं कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तैनात करके गांवों में भूसा दान अभियान चलाएं.

# रीवा में अधिवक्ता संघ चुनाव की तारीख घोषित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अप्रैल, रीवा में अधिवक्ता संघ चुनाव में महिला आरक्षण को लेकर लगी रोक बहाल हो गई है और अब महिला आरक्षण के साथ चुनाव संपन्न कराने के लिए हाईकोर्ट से हरी झंडी मिल चुकी है.**

जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय में मुख्य चुनाव अधिकारी सूर्यनाथ पांडे के द्वारा चुनाव के तारीखों की आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी है. अधिवक्ता संघ चुनाव के



लिए अभ्यर्थियों के नामांकन प्रस्तुत करने का 13 अप्रैल से 15 अप्रैल शाम 5:00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है. वही नामांकन पत्रों की वापसी 16 अप्रैल को दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक हो सकेगी, साथ ही अभ्यर्थियों के नाम की घोषणा 16 अप्रैल को ही शाम 5:30 बजे की जाएगी. बताया गया की अधिवक्ता संघ का चुनाव 23 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे से निर्धारित किया गया है.

श्री पांडे ने बताया कि जो अधिवक्ता पूर्व में नामांकन फॉर्म प्रस्तुत कर चुके हैं उन्हें मात्र 100 रूपए का नामांकन पत्र दाखिल करना होगा, जबकि नए आवेदक के लिए पूर्व में जो प्रक्रिया बनाई गई है उसके अनुसार ही नामांकन पत्र दाखिल करना होगा. चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं ने तैयारी शुरू कर दी है.

# परिवहन विभाग ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए चलाया जांच अभियान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अप्रैल, परिवहन विभाग ने यात्री बसों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विशेष जांच अभियान चलाया है. इस अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर सख्त कार्रवाई की गई.**

परिवहन आयुक्त ने यात्री बसों में सुरक्षा मानकों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिया है. जिसमें बस के गेट के सामने बस की बैठक क्षमता को स्पष्ट रूप से




लिखना अनिवार्य कर दिया है. यह व्यवस्था यात्रियों को बस की अधिकतम क्षमता की जानकारी आसानी से उपलब्ध कराएगी, जिससे ओवर लोडिंग को रोका जा सकेगा. यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए चेकिंग में फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, आपातकालीन निकास द्वार और अन्य सुरक्षा उपकरणों की जांच पर विशेष ध्यान दिया गया. ओवर लोडिंग और अन्य नियम उल्लंघनों पर चालान तथा आवश्यकता पड़ने पर बस का परमिट निलंबन या अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी. परिवहन आयुक्त ने कहा कि यह कदम सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है.

# छात्राओं का किया गया एचपीवी वैक्सीनेशन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अप्रैल, जिले में किशोरियों के स्वास्थ्य को सुरक्षित करने सर्वाइकल कैंसर के बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है.**

सेंट्रल एकेडमी रीवा और जेंटल शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर में टीकाकरण दल द्वारा 14 और 15 वर्ष की आयु की छात्राओं का टीकाकरण किया गया. टीकाकरण में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाना है. विशेषज्ञों के अनुसार यह टीका भविष्य में महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में अत्यंत कारगर साबित होता है. प्रशासन और स्कूल प्रबंधन के समन्वय से इस अभियान में सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है.

# खेतों में भड़की आग पर ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अप्रैल, जिले के सोहागी थाना क्षेत्र के चिल्ला स्थित महरजिया क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब खेतों में अचानक भीषण आग लग गई.**

तेज हवा के चलते देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में लेने लगी. आग की लपटों को तेजी से फैलता देख स्थानीय ग्रामीणों ने भी तुरंत मोर्चा संभाल और सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची. घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया. ग्रामीणों ने बताया कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा नुकसान हो सकता था, आग बुझ जाने से एक बड़ी घटना टल गई. ग्रामीणों ने बताया कि आगजनी के चलते कुछ फसलें जलकर राख हो गईं. आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, पर ऐसा माना जा रहा है कि आसपास के खेतों में किसी ने आग लगाई होगी और तेज हवाओं के चलते आग फैल गई.

# वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन ही हमें जनसेवा की शक्ति देता है : सिद्धार्थ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी 'गांव चलो बस्ती चलो अभियान' के तहत ग्राम पंचायत कैथी पचकठा नगरिया टोला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने क्षेत्र के बुजुर्गों और वरिष्ठ नागरिकों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया. विधायक ने उनका आशीर्वाद लेते हुए कहा कि वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन ही



हमें जनसेवा की शक्ति देता है. विधायक तिवारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार के जनहितकारी कार्यों का जमकर बखान किया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है. विधायक ने लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास और आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे भाजपा सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में खुशहाली ला रही है. अभियान के दौरान विधायक ने बस्ती में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं को सुना. आयोजन में भाजपा मंडल अध्यक्ष गढ़ी समीर सिंह, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष जैनेंद्र मिश्रा, सरपंच पद कैथी पचकठा सोना मौर्या, सरपंच नेगरा नाथूराम हरिजन, बृजेश मौर्या, शशिकांत तिवारी, सचिदानंद तिवारी, अशोक पांडेय, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे.

# गुढ़ में शराबी युवक ने हाथ से खींचा विद्युत केबल, मचा हड़कम्प

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अप्रैल, रीवा जिले के गुढ़ कस्बे में शुक्रवार की रात एक शराबी युवक का हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है.**

नशे में धुत युवक अपनी जान को जोखिम में डालकर विद्युत पोल की केबिल को हाथों से पकड़कर खींचता रहा, जिस दौरान पटाखों की तरह शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकलती रही. बताया गया कि युवक के घर की बिजली किसी कारण से बंद थी, इस बात से नाराज होकर उसने विद्युत केबिल को खींचकर पूरे इलाके की सप्लाई को ही बंद कर दिया. युवक का कहना था कि मेरी लाइट नहीं है तो किसी की नहीं रहेगी. यह हैरान कर देने वाला मामला गुढ कस्बे के वार्ड क्रमांक 7 का है. जानकारी के मुताबिक स्थानीय निवासी युवक ने शुक्रवार की रात घर की लाइट बंद होने नाराज होकर नशे की हालत में ना सिर्फ जमकर हंगामा किया बल्कि जान जोखिम में डालकर उसने विद्युत पोल में लगी केबिल को नंगे हाथों से पकडकर खींचता रहा, जिससे पटाखों की तरह चिंगारी फूटती रही और लोगों के बीच हडकंप मचा रहा. फिलहाल इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल रहा है, युवक की इस हरकत से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. वही स्थानीय लोगो का कहना है कि सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन बिना कार्यवाही ही वापस लौट गई. जबकि लोगो द्वारा युवक की पहचान भी की गई. लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की.

# जल संरक्षण पर हुई पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 11 अप्रैल, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल रामपुर रतनगवां में एक रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने जल संरक्षण पर आधारित आकर्षक पोस्टर मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. अपनी कला के माध्यम से छात्राओं ने पानी की हर बूंद को बचाने और भविष्य के लिए जल संचय के महत्व का संदेश दिया. रंगीन रंगों और चित्रों के जरिए छात्राओं ने जल संकट के समाधान और वर्षा जल संचयन जैसी तकनीकों को बखूबी प्रदर्शित किया.